(ख) क्या यह सच है कि अंग्रेजी के कार्यक्रम लम्बी अवधि के थे जबकि अंग्रेजी जानने वाले लोगों की संख्या काफी कम हैं ; और

(ग) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि हिन्दी की जानकारी रखने वालों की संख्या बहुत अधिक है, क्या हिन्दी कार्यक्रमों की समयावधि बढ़ाय जाने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख). ये आंकड़े, केन्द्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

(ग) फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

दूरदर्शन पर दिल्ली से समाचार बुलेटिन

3217. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दूरदर्शन से प्रतिदिन कितने समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जाते हैं ; और

(ख) सरकार ने समाचार प्रसारणों के स्तर में सुधार लाने के लिये क्या कदम उठाये हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) दिल्ली दूरदर्शन से प्रसारित समाचार बुलेटिनों का ब्यौरा इस प्रकार है :—

1. राष्ट्रीय नेटवर्क (एन–1) दिल्ली के प्रादेशिक चैनल—। (आर–1) सहित।

प्रसार	शीर्षक	भाषा
प्रातः	समाचार	हिन्दी
	दि न्यूज	अंग्रेजी
दोपहर बाद	बधिरों के लिए समाचार	सांकेतिक भाषा अंग्रेजी
	चार (रविवार) समाचार	हिन्दी
	दि न्यूज	अंग्रेजी
सायं	समाचार	हिन्दी
	दि न्यूज	अंग्रजी
	*संसद् समाचार	हिन्दी
	पार्लियामेंट न्यूज	अंग्रेजी

*संसद सत्र में प्रतिदिन

II. मैट्रो चैनल एम–I में (जिसे सामान्यत) चैनल –2 के नाम से जाना जाता है।)

सायं	समाचार	हिन्दी

(ख) समाचार प्रसारण के प्रस्तुतीकरण और वस्तुनिष्ठ कवरेज की गुणवत्ता में सुधार लाने का दूरदर्शन का निरंतर प्रयास रहता है।

Development of slow screening process

3218. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI KAPIL VERMA:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether an experiment is being conducted at the Y. B. Chavan Open University at Ahmedabad where the teachers talk to the students through Radio; if so, the details thereof;

(b) whether a slow motion screening process has been developed for school children to learn reading in scripts for All India Languages and in the Latin Script through research by AIR; and

(c) if so, the details in this regard?